पंजाब केसरी
FRI,05 JUNE 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# परीक्षा केंद्र बनाने के लिए निजी संस्थानों से 30 जून तक मांगे ऑनलाइन आवेदन

## ■ लेट फीस के साथ 30 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे आवेदन

धर्मशाला, 4 जून (सुनील): हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय की सितम्बर में होने वाली परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाने की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं।

इस संबंध में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक निजी संस्थान बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर जाकर अपने स्कूल की लॉगिन आई.डी. के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि बिना किसी देरी शुल्क के आवेदन दिनांक 01 जून से 30 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 01 जुलाई से 15 जुलाई तक 5000 विलंब शुल्क तथा 16 जुलाई से 30 जुलाई तक 10,000 विलंब शुल्क सहित आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 30 जुलाई के बाद प्राप्त आवेदनों पर केवल सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के उपरांत ही विचार किया जाएगा, ऐसे मामलों में निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क के अतिरिक्त नियमानुसार दंड भी देय होगा। परीक्षा केंद्र बनाने से जुड़ी सभी शर्तें और नियम बोर्ड की वैबसाइट पर डाऊनलोड लिंक में उपलब्ध हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने सभी योग्य निजी स्कूलों और संस्थानों से आग्रह किया कि वे तय समय के भीतर अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि सितम्बर में होने वाली परीक्षाओं को सफलतापूर्वक और सही व्यवस्था के साथ करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण समय पर किया जा सके।

## हिमाचल में 7 जून को होगी स्पैशल एजुकेटर पात्रता परीक्षा

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 7 जून को स्पैशल एजुकेटर शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बोर्ड ने इस परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र अपनी आधिकारिक वैबसाइट पर जारी कर दिए हैं। सभी परीक्षार्थी बोर्ड की वैबसाइट पर जाकर अपना आवेदन नंबर और जन्मतिथि दर्ज करके इसे डाऊनलोड कर सकते हैं।

यह परीक्षा दो अलग-अलग सत्रों में आयोजित की जाएगी और दोनों ही परीक्षाओं के लिए अढ़ाई घंटे का समय तय किया गया है। प्राथमिक स्तर की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक होगी, जिसमें कुल 407 अभ्यर्थी राज्य के तीन परीक्षा केंद्रों पर बैठेंगे। उच्च स्तर की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 188 अभ्यर्थी तीन परीक्षा केंद्रों पर शामिल होंगे। परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी या समस्या के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।



> सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा के दिन समय से पहले अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें। इसके साथ ही सभी परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र के साथ एक वैध पहचान पत्र लाना अनिवार्य किया गया है ताकि परीक्षा केंद्र पर किसी भी तरह की असुविधा न हो।
>
> –डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।

# 7 जून को होगी स्पेशल एजुकेटर TET परीक्षा

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला आगामी 7 जून 2026 को स्पेशल एजुकेटर शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) का आयोजन करने जा रहा है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि टीईटी जून-2026 के तहत स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से पांचवीं कक्षा) और स्पेशल एजुकेटर (छठी से बारहवीं कक्षा) दोनों स्तरों की परीक्षाएं रविवार, 7 जून को ही आयोजित की जाएंगी। बोर्ड प्रशासन ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दो सत्रों में होगी परीक्षा; 535 अभ्यर्थी आजमाएंगे भाग्य बोर्ड अध्यक्ष डॉ. शर्मा के मुताबिक, दोनों ही परीक्षाओं की समयावधि ढाई घंटे (2:30 घंटे) निर्धारित की गई है, जिसे दो अलग-अलग सत्रों में कराया जाएगा। पहले सत्र में स्पेशल एजुकेटर ञ्अश्वञ्ज (प्री-प्राइमरी से कक्षा-5वीं) की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी, जिसमें कुल 407 अभ्यर्थी प्रदेश के 3 निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर हिस्सा लेंगे। वहीं, दूसरे सत्र में स्पेशल एजुकेटर TET (कक्षा 6वीं से 12वीं) की परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस द्वितीय चरण की परीक्षा में 128 अभ्यर्थी 3 परीक्षा केंद्रों पर शामिल होने जा रहे हैं।

वेबसाइट से डाउनलोड करें प्रवेश पत्र, पहचान पत्र लाना अनिवार्य परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (Admit Card) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर लाइव कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर अपना 'Application Number' और 'Date of Birth' (जन्मतिथि) दर्ज करके एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र पर तय समय से पहले पहुंचें और अपने साथ एडमिट कार्ड के अलावा एक वैध मूल पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, या ड्राइविंग लाइसेंस) अवश्य लाएं।

# HPSOS सितंबर-2026 परीक्षा हेतु निजी शिक्षण संस्थानों से परीक्षा केंद्र बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**धर्मशाला, ( आपका फैसला )।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय ( HPSOS ) की सितंबर-2026 में प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए बोर्ड से संबद्ध निजी प्रबंधित विद्यालयों/संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में नामित किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।उन्होंने बताया कि इच्छुक निजी विद्यालय एवं संस्थान अपने विद्यालय को HPSOS परीक्षा केंद्र के रूप में नामित करवाने के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप के माध्यम से अपने स्कूल लॉगिन आईडी से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के आवेदन दिनांक 01 जून से 30 जून 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 01 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक 5000 विलंब शुल्क तथा 16 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक 10,000 विलंब शुल्क सहित आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि 30 जुलाई 2026 के बाद प्राप्त आवेदनों पर केवल सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के उपरांत ही विचार किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क के अतिरिक्त नियमानुसार दंड (Penalty) भी देय होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र सृजन से संबंधित नियम एवं शर्तें बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर Download लिंक के अंतर्गत उपलब्ध हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने सभी पात्र निजी विद्यालयों एवं संस्थानों से निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया है, ताकि HPSOS सितंबर-2026 परीक्षाओं के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु समय पर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जा सके।

# राज्य मुक्त विद्यालय सितंबर-2026 परीक्षा के लिए निजी शिक्षण संस्थानों से परीक्षा केंद्र के लिए मांगे आवेदन

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय की सितंबर-2026 में प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए बोर्ड से संबद्ध निजी प्रबंधित विद्यालयों/संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में नामित किए जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक निजी विद्यालय एवं संस्थान अपने विद्यालय को राज्य मुक्त विद्यालय परीक्षा केंद्र के रूप में नामित करवाने के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप के माध्यम से अपने स्कूल लॉगिन आईडी से केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बिना विलंब शुल्क के आवेदन दिनांक एक जून से 30 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त एक जुलाई से 15 जुलाई तक 5000 रुपये विलंब शुल्क तथा 16 जुलाई से 30 जुलाई तक 10,000 रुपये विलंब शुल्क सहित आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि 30 जुलाई के बाद प्राप्त आवेदनों पर केवल सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के उपरांत ही विचार किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में निर्धारित शुल्क एवं विलंब शुल्क के अतिरिक्त नियमानुसार दंड भी देय होगा।

### हिमाचल शिक्षा बोर्ड की तैयारी पूरी

# 7 जून को होगी स्पेशल एजुकेटर TET परीक्षा

**धर्मशाला** | हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आगामी 7 जून 2026 को स्पेशल एजुकेटर शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) का आयोजन करने जा रहा है। इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 535 अभ्यर्थी किस्मत आजमाएंगे। अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए गए हैं, रोल नंबर डाउनलोड करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीईटी जून-2026 के तहत स्पेशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से 5वीं कक्षा) और स्पेशल एजुकेटर (छठी से बारहवीं कक्षा) दोनों स्तरों की परीक्षाएं 7 जून को ही होंगी। • शेष पेज 7 पर

**7 जून को होगी स्पेशल एजुकेटर TET परीक्षा...** दोनों ही परीक्षाओं की समयावधि ढाई-ढाई घंटे निर्धारित की गई है, जिसे दो अलग-अलग सत्रों में संपन्न कराया जाएगा। पहले सत्र में स्पेशल एजुकेटर TET (प्री-प्राइमरी से कक्षा-5वीं) की परीक्षा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। इस सुबह के सत्र में कुल 407 अभ्यर्थी निर्धारित 3 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। वहीं, दूसरे सत्र में स्पेशल एजुकेटर TET (कक्षा 6वीं से 12वीं) की परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से शाम 04:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस द्वितीय चरण की परीक्षा में 128 अभ्यर्थी परीक्षा केंद्रों पर शामिल होने जा रहे हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर लाइव कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर अपना एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज करके एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को अपने साथ एडमिट कार्ड के अलावा एक वैध मूल पहचान पत्र, जैसे वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य सरकारी पहचान पत्र अवश्य लाना होगा। यदि किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा या प्रवेश पत्र से संबंधित कोई समस्या आ रही है या कोई अन्य जानकारी चाहिए, तो वे बोर्ड कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 01892-242192 पर सीधे संपर्क कर सकते हैं।

# स्पेशल एजुकेटर टेट जून-2026 की परीक्षा 7 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि टीईटी जून-2026 के अंतर्गत स्पेशल एजुकेटर टीईटी की परीक्षाएं 7 जून को आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्री प्राइमरी से कक्षा पांचवीं तक की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक होगी, जिसमें 407 अभ्यर्थी तीन परीक्षा केंद्रों पर शामिल होंगे। वहीं कक्षा छठी से बारहवीं तक की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 128 अभ्यर्थी तीन केंद्रों में परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षाओं की अवधि ढाई घंटे निर्धारित की गई है। प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

JUNE 05, 2026 FRIDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# OVER 500 CANDIDATES TO SIT FOR HIMACHAL SPECIAL EDUCATOR TET THIS SUNDAY

***Sunny Mahajan | Dharamshala***

The Himachal Pradesh Board of School Education is all set to conduct the Special Educator Teacher Eligibility Test (TET) on Sunday, June 7, 2026. Board President Dr. Rajesh Sharma announced that the administration has finalized all preparations for the smooth conduct of the exam, which will cater to two distinct teaching levels on the same day.

A total of 535 candidates are scheduled to appear for the test across three designated examination centers. The examination is divided into two separate sessions, each lasting two and a half hours. The morning session will host the test for the pre-primary to fifth-grade level from 10:00 AM to 12:30 PM, drawing 407 candidates. The afternoon session will accommodate 128 candidates appearing for the sixth to twelfth-grade level from 2:00 PM to 4:30 PM.

Candidates can now download their admit cards from the official board website by logging in with their application number and date of birth. Dr. Sharma urged all participants to arrive at their respective centers well ahead of time. He also emphasized that candidates must carry a valid original photo identity card, such as a voter ID, driving license, or alternative government identity, along with their printed admit card to gain entry. For any queries or technical assistance regarding the hall tickets, the board has set up a dedicated telephone helpline at 01892-242192.

